देश में छावनी क्षेत्रों में जन सुविधाओं का अभाव

792. **श्री अजीत जोगी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि निधियों के अभाव के कारण देश में सभी छावनी क्षेत्रों में पर्याप्त रूप में बुनियादी जनसुविधायें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप वहां के निवासियों को सड़कों, जल निकास और पीने के पानी आदि जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है और क्या इस प्रयोजन के लिए कोई तकनीकी/वित्तीय सहायता दिए जाने का प्रस्ताव है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) : (क) जी, हां।

(ख) छावनी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए छावनी बोर्डों को धन उपलब्ध होने पर सहायता अनुदान दिया जाता है।

मध्य प्रदेश में विस्थापित कृषकों का पुनर्वास

793. श्री अजीत जोगी : क्या **प्रधान मंत्री** 11 अगस्त, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 2063 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित उस योजना को स्वीकृति दे दी है जो इन्दौर जिले के 24 गांवों के उन विस्थापित कृषकों के पुनर्वास से संबंधित थी जिनकी भूमि का रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया था, और

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना को कब तक कार्यान्वित कर दिये जाने का प्रस्ताव है, इस योजना के अन्तर्गत कितने परिवारों का पुनर्वास किया जायेगा और उनका किस तरह से पुनर्वास किया जायेगा ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) : (क) सरकार ने 12 गांवों के उन विस्थापित कृषकों के पुनर्वास के लिए 2.9.88 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं जिनकी भूमि "बेहरचा फील्ड फायरिंग रेंज" के लिए अधिकृत की गई थी। "हेमा फील्ड फायरिंग रेंज" के लिए 12 गांवों में भूमि के अधिग्रहण हेतु अधिग्रहण की कार्रवाई को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इसलिए उन प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास का प्रश्न नहीं उठता जिनकी भूमि अधिग्रहीत की जा रही है।

(ख) इसका संबंध मध्य प्रदेश की सरकार से है।

Increase in defence allocation

794. SHRI SYED SIBTEY RZAI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government propose to increase the defence allocations;

(b) if so, what are the details thereof and in what context this increase is envisaged;

(c) whether this increase would in any way enable to check infiltration of trained terrorists from across the borders; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (DRI RAJA RAMANNA): (a) and (b) Government maintains a close watch on the emerging security environment. As and when it becomes necessary to increase the defence allocation, supplementary grants are sought from Parliament.